# उपयोग केलिए निर्देश : ECG Global 2.0

# हिंदी (HI) ECG Global 2.0

ECG ऐप

उपयोग करने केलिए निर्देश

Apple Inc.
One Apple Park Way
Cupertino, CA 95014

www.apple.com

EC REP
Apple Distribution International
Hollyhill Industrial Estate,
Hollyhill, Cork,
Ireland

संपर्क: medicalcompliance@group.apple.com
CE 0123

MD

**युक्रेन देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
ТОВ «ДЖЕРЕЛО-УКРАЇНА»
01033, Україна, м. Київ, вулиця Шота Руставелі 33-Б, офіс 27
ईमेल : uarep@jerelo.eu

тел. +38 (044) 360 30 11

UA.TR.120

**स्विट्ज़रलैंड देश-विशिष्ट जानकारी :**
**CH-REP:**
QUNIQUE GmbH
Bahnhofweg 17
5610 Wohlen

Switzerland

**ऑस्ट्रेलिया देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
प्रायोजक का विवरण:

Apple Pty Ltd
Level 3, 20 Martin Place
Sydney, NSW, 2000
Australia
https://www.apple.com/au/

टेलीफ़ोन: 1-300-321-456

**ब्राज़ील देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
ANVISA N$^{0}$: 80117580880
RESPONSÁVEL TÉCNICO: LUIZ LEVY CRUZ MARTINS – CRF-SP: 42415
IMPORTADOR:
Emergo Brazil Import Importação e Distribuição de Produtos Médicos Hospitalares Ltda.
Avenida Francisco Matarazzo, 1.752, Salas 502/503, Água Branca, São Paulo-SP, CEP – 05001-200
CNPJ: 04.967.408/0001-98

ईमेल: brazilvigilance@ul.com

**कोलंबिया देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
PRODUCTO: Software de Electrografía y aplicación de ECG para software de análisis de fotopletismografía
IMPORTADOR:
IMPOMED S.A.S
Calle 1 SUR NO. 77A-21
Interior 201 Medellin Colombia

REGISTRO SANITARIO NO.: INVIMA 2020DM-0021828

**इज़राइल देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
**AMAR REGISTRATION HOLDER:**
Medogar Medical Equipment Ltd.
Hasadna St. 8 P.O.B 2586 Ra'annana 4365104 ISRAEL
कार्यालय टेलीफ़ोन: +972-9-7401457 फ़ैक्स :+972-9-7401459
מדוגר מכשור רפואי בע"מ
הסדנא 8 ת.ד. 2566 רעננה 4365104
טל: 09-7401457
פקס: 09-7401459
ميدوغار للأجهزة الطبية المحدودة
شارع هاسادنا 8، ص.ب. 2566
رعنانا 4365104
www.medogar.co.il info@medogar.co.il

**AMAR सर्टिफ़िकेट संख्या :** 21080016

**तुर्की देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
Apple Teknoloji ve Satış Limited Şirketi
Büyükdere Caddesi
Levent 199 Kat:22-23
34394 Şişli
İstanbul

Türkiye
ECG ऐप केलिए प्रोडक्ट ट्रैकिंग नंबर : 8682450178021

**पेरू देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
Registro Sanitario N0 :DB5982E
IMPORTADOR:
Drogería Emergo Peru S.R.L.
Calle Las Orquídeas Nro. 585, Int. 1301,
San Isidro, Lima, Perú

RUC: 205 52 75 65 34

**मलेशिया देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
अधिकृत प्रतिनिधि :
Nyprax Business Solutions
37 Jalan Terasek Lima, Bangsar Baru,
59100 Bangsar, Kuala Lumpur
डिवाइस लाइसेंस :
Apple ECG ऐप

GB7992021-54025

**भारत देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
स्वैच्छिक पंजीकरण संख्या : Apple-USA/I/MD/002975
आयातकर्ता :
Asia Actual India (OPC) Pvt. Ltd.
523A, Tower A, Spaze I-Tech Park, Sector 49,

Gurgaon, Haryana, India

**कोरिया गणराज्य देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
본 앱은 "의료기기" 임.
수입업자: 이머고코리아 (유)
06236) 서울특별시 강남구 테헤란로 152 강남파이낸스센터 26층 제조원:
제조원: Apple Inc.
(본사) One Apple Park Way, Cupertino, CA 95014, USA
(공장) 20450 Stevens Creek Blvd., Cupertino, CA 95014, USA
허가번호: 수허 20-177 호
명칭 (제품명, 품목명, 모델명): 심전도 앱, 심전계, ECG App
소프트웨어 버전: 2.X
출시연월: 2022년 01월
포장단위: 1ea
사용목적 :

모바일플랫폼(Apple Watch)에 장착된 심전도(ECG)센서를 이용하여 측정된 단일유도(Lead I) 유사심전도 신호로부터 심방세동 또는 정상박동 존재 여부를 판정함으로서, 심전도 신호를 생성, 기록, 저장, 전송 및 표시하는 의료용 어플 리케이션.

**इंडोनेशिया देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
प्रोडक्ट लाइसेंस नंबर: KEMENKES RI AKL 20502121822
रजिस्ट्रेंट:

PT. ASIA ACTUAL INDONESIA, DKI Jakarta
Gandaria 8 Office Tower, Unit 6J. Jl. Sultan Iskandar Muda
Jakarta Selatan 12240 – Indonesia

+62 (021) 2930-3747

**मॉल्डोवा देश से संबंधित विशेष जानकारी :**
पंजीकरण संख्या: DM000322299, DM000322300
अधिकृत प्रतिनिधि :
JERELO S.R.L.
MD-2024, str. Pietrăriei, nr 19A, of. 3.
mun. Chișinău, Republica Moldova

+37378538295

**थाईलैंड देश-विशिष्ट जानकारी :**
मेडिकल डिवाइस लाइसेंस नंबर : 64-2-2-2-0004085
आयातकर्ता :
**บริษัท เอเชีย แอคชวล (ประเทศไทย) จำกัด**
8 อาคารทีวัน ห้องเลขที่ 15-102 ชั้น 15 ซอยสุขุมวิท 40 ถนนสุขุมวิท
แขวงพระโขนง เขตคลองเตย กรุงเทพฯ 10110

โทร. 02-821-5998

**वियतनाम देश-विशिष्ट जानकारी :**
MA इंपोर्ट लाइसेंस नंबर : 220002519/PCBB-HCM
लाइसेंस धारक :
एशिया एक्चुएल वियतनाम कंपनी लिमिटेड
45/90 Binh Tien
Ward 07, District 6

Ho Chi Minh City

---

# उपयोग करने केलिए निर्देश

ECG ऐप एक केवल सॉफ़्टवेयर मोबाइल मेडिकल एप्लिकेशन है जिसे Apple Watch केसाथ उपयोग करके, Lead I ECG केसमान सिंगल चैनल इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ECG) बनाने, रिकॉर्ड करने, संग्रहित करने, ट्रांसफ़र करने और डिस्प्ले करने केलिए बनाया गया है। ECG ऐप वर्गीकृत करने योग्य वेवफ़ॉर्म पर एट्रियल फ़िब्रिलेशन (AFib), साइनस रिद्म और उच्च हृदय गति (100-150 bpm की हृदय गति केसाथ किसी AF का पता नहीं लगा) की उपस्थिति निर्धारित करता है। ECG ऐप का उपयोग उन यूज़र केलिए अनुशंसित नहीं है जिन्हें अन्य ज्ञात ऐरिद्मिया है।

ECG ऐप ओवर-द-काउंटर (OTC) उपयोग केलिए लक्षित है। ECG ऐप द्वारा दिखाया जाने वाला ECG डेटा केवल सूचनात्मक उपयोग केलिए है। यूज़र को डिवाइस केआउटपुट केआधार पर किसी योग्य सेहत सेवा पेशेवर व्यक्ति की सलाह केबिना इसकी व्याख्या नहीं करनी चाहिए या कोई चिकित्सीय क़दम नहीं उठाना चाहिए। ECG वेवफ़ॉर्म का उद्देश्य AFib को साइनस रिदम से अलग करने केलिए रिद्म वर्गीकरण को पूरकता प्रदान करना है और यह रोग निदान या उपचार केपारंपरिक तरीकों केस्थान पर उपयोग किए जाने केलिए नहीं है।

ECG ऐप का इस्तेमाल 22 साल से कम उम्र केलोगों केद्वारा नहीं किया जाना चाहिए।

---

# वांछित उपयोग (यूरोपीय संघ क्षेत्र)

ECG ऐप एक केवल सॉफ़्टवेयर मोबाइल मेडिकल एप्लिकेशन है जिसे Apple Watch केसाथ उपयोग करके Lead I ECG केसमान सिंगल चैनल इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ECG) बनाने, रिकॉर्ड करने, संग्रहित करने, ट्रांसफ़र करने और डिस्प्ले करने केलिए बनाया गया है। ECG ऐप वर्गीकृत करने योग्य वेवफ़ॉर्म पर एट्रियल फ़िबिलेशन (AFib), साइनस गति और उच्च हृदय गति (100-150 bpm की हृदय गति केसाथ किसी AF का पता नहीं लगा) की उपस्थिति निर्धारित करता है। ECG ऐप का उपयोग उन यूज़र केलिए अनुशंसित नहीं है जिन्हें अन्य ज्ञात ऐरिथ्मिया है।

ECG ऐप ओवर-द-काउंटर (OTC) उपयोग केलिए लक्षित है। ECG ऐप द्वारा दिखाया जाने वाला ECG डेटा केवल सूचनात्मक उपयोग केलिए है। यूज़र को डिवाइस केआउटपुट केआधार पर किसी योग्य सेहत सेवा पेशेवर व्यक्ति की सलाह केबिना इसकी व्याख्या नहीं करनी चाहिए या कोई चिकित्सीय क़दम नहीं उठाना चाहिए। ECG वेवफ़ॉर्म का उद्देश्य AFib को साइनस रिदम से अलग करने केलिए रिद्म वर्गीकरण को पूरकता प्रदान करना है और यह रोग निदान या उपचार केपारंपरिक तरीकों केस्थान पर उपयोग किए जाने केलिए नहीं है।

ECG ऐप का इस्तेमाल 22 साल से कम उम्र केलोगों केद्वारा नहीं किया जाना चाहिए।

लक्ष्य लोग और वांछित यूज़र

ECG ऐप का उपयोग उन यूज़र केलिए वांछित है जिनकी आयु 22 या उससे अधिक वर्ष की है। ऐप का उपयोग करने केलिए कोई विशिष्ट क्लिनिकल शर्त आवश्यक नहीं है। जो यूज़र अपने कार्डियोवैस्क्युलर स्वास्थ्य केबारे में अधिक जानना चाहते हैं, वे ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी होने पर इस फ़ीचर को सक्रिय करने का विकल्प चुन सकते हैं।

---

# वांछित उपयोग (ग़ैर-यूरोपीय संघ क्षेत्र और कोरिया गणराज्य)

ECG ऐप का वांछित उपयोग यूज़र को एक सिंगल लीड ECG लेने का मौका देना है जिसे वर्गीकृत करने योग्य वेबफ़ॉर्म पर साइनस रिदम या ऐट्रियल फ़िब्रिलेशन (AFib) केतौर पर वर्गीकृत किया जाता है। ECG और रिदम वर्गीकरण को ज्ञात AFib केसाथ या इसकेबिना यूज़र द्वारा डेटा केतौर पर उपयोग किया जा सकता है जिसे किसी योग्य स्वास्थ्य सेवा पेशेवर केसाथ शेयर किया जा सकता है। ECG ऐप को 22 वर्ष और इससे अधिक आयु केआम लोगों द्वारा उपयोग केलिए बनाया गया है।

---

# रूस देश से संबंधित विशेष जानकारी

ECG ऐप फ़ीचर को ROSZDRAVNADZOR (रूसी स्वास्थ्य विभाग) द्वारा एक मेडिकल डिवाइस नहीं माना जाता है।

ECG ऐप एक केवल सॉफ़्टवेयर मोबाइल मेडिकल एप्लिकेशन है जिसे Apple Watch केसाथ Lead I ECG केसमान सिंगल चैनल इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ECG) बनाने, रिकॉर्ड करने, संग्रहित करने, हस्तांतरित करने और डिस्प्ले करने केलिए उपयोग किया जाता है। ECG ऐप वर्गीकृत करने योग्य वेवफ़ॉर्म पर एट्रियल फ़िबिलेशन (AFib), साइनस गति और उच्च हृदय गति (100-150 bpm की हृदय गति के साथ किसी AF का पता नहीं लगा) की उपस्थिति निर्धारित करता है। ECG ऐप का उपयोग उन यूज़र केलिए अनुशंसित नहीं है जिन्हें अन्य ज्ञात ऐरिथ्मिया है।

ECG ऐप ओवर-द-काउंटर (OTC) उपयोग केलिए लक्षित है। ECG ऐप द्वारा दिखाया जाने वाला ECG डेटा केवल सूचनात्मक उपयोग केलिए है। यूज़र को डिवाइस केआउटपुट केआधार पर किसी योग्य सेहत सेवा पेशेवर व्यक्ति की सलाह केबिना इसकी व्याख्या नहीं करनी चाहिए या कोई चिकित्सीय क़दम नहीं उठाना चाहिए। सेहत संबंधी उचित सलाह केलिए कृपया किसी योग्य पेशेवर स्वास्थ्यकर्मी केपास जाएँ। ECG वेवफ़ॉर्म का उद्देश्य AFib को साइनस रिदम से अलग करने केलिए रिद्म वर्गीकरण को पूरकता प्रदान करना है और यह रोग निदान या उपचार केपारंपरिक तरीकों केस्थान पर उपयोग किए जाने केलिए नहीं है।

ECG ऐप का इस्तेमाल 22 साल से कम उम्र केलोगों केद्वारा नहीं किया जाना चाहिए।

---

# ECG ऐप का उपयोग करना

**ऐप सेटअप/ऑन-बोर्डिंग**

- ECG ऐप Apple Watch Series 4 या इसकेबाद केमॉडल (Apple Watch SE केअतिरिक्त) केसाथ संगत है। क्षेत्रीय उपलब्धता और डिवाइस की संगतता संबंधी अतिरिक्त जानकारी केलिए, कृपया https://support.apple.com/HT208955 पर जाएँ
- Apple Watch और iPhone को नवीनतम OS पर अपडेट करें।
- अपने iPhone पर सेहत ऐप खोलें और “ब्राउज़ करें” चुनें।
- “हृदय” पर नैविगेट करें, फिर “इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ECG)” चुनें।
- ऑनस्क्रीन निर्देशों का पालन करें।
- आप “रद्द करें” को टैप करकेकिसी भी समय ऑन-बोर्डिंग से बाहर निकल सकते हैं।

**ECG रिकॉर्ड करना**

- सुनिश्चित करें कि आपकी Apple Watch उस कलाई पर बंधी है जिसे आपने सेटिंग्ज़ > सामान्य > ओरिएंटेशन में चुना है।
- अपनी Apple Watch पर ECG ऐप खोलें।
- अपनी बाँहें टेबल पर या अपनी गोदी में टिका लें और अपनी उँगली Digital Crown पर लगाए रखें। आपको सत्र केदौरान क्राउन को नहीं दबाना है।
- रिकॉर्डिंग में 30 सेकंड का समय लगता है।

---

## ECG विश्लेषण

- सफल रीडिंग केबाद आपको अपने ECG ऐप पर इनमें से कोई एक वर्गीकरण मिलेगा :
  - साइनस रिद्म : साइनस रिदम का अर्थ है कि हृदय 50-99 BPM केबीच नियमित पैटर्न में धड़क रहा है।
  - उच्च हृदय गति - किसी आट्रियल फ़िब्रिलेशन का पता नहीं लगा: अधिक हृदय गति परिणामों का अर्थ है कि हृदय 100-150 BPM केबीच धड़क रहा है और एट्रियल फ़िब्रिलेशन केसंकेत नहीं दिखा रहा है।
  - एट्रियल फ़िब्रिलेशन : AFib परिणाम का अर्थ है कि हृदय 50-99 BPM केबीच अनियमित पैटर्न में धड़क रहा है।
  - एट्रियल फ़िब्रिलेशन - उच्च हृदय गति : AFib उच्च हृदय गति परिणाम का अर्थ है कि हृदय 100-150 BPM केबीच अनियमित पैटर्न में धड़क रहा है।
  - खराब रिकॉर्डिंग: खराब रिकॉर्डिंग केपरिणाम का मतलब है कि रिकॉर्डिंग को वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है क्योंकि वेबफ़ॉर्म में बहुत अधिक साक्ष्य या शोर होता है। ऐसा कई कारणों से हो सकता है जैसे रिकॉर्डिंग केदौरान अत्यधिक गतिविधि करना या अपनी Apple Watch को बहुत ढीला बाँधना। कुछ शारीरिक स्थितियों केकारण कुछ प्रतिशत यूज़र अच्छी रिकॉर्डिंग बनाने के लिए पर्याप्त सिग्नल नहीं बना पाते हैं।
  - निम्न या उच्च हृदय गति : ECG ऐप द्वारा 50 BPM से कम या 150 BPM से अधिक हृदय गति वाली रिकॉर्डिंग की जाँच नहीं की जा सकती है।
- ECG रिकॉर्डिंग पूरी होने केबाद ECG डेटा का विश्लेषण यह निर्धारित करने केलिए किया जाता है कि क्या इसकी अवधि कम से कम 25 सेकंड है और यदि ऐसा है तो, क्या साइनस रिद्म, उच्च हृदय गति जिसे कोई AFib पकड़ नहीं पाया या AFib मौजूद है या क्या अनिर्णायक परिणाम आना पक्का है।
- ECG ऐप पर प्रदान किया जाने वाला ECG रिकॉर्डिंग परिणाम, विस्तृत रूप में दिखाया जाता है। आपकेiPhone पर सेहत ऐप में विस्तृत विवरण भी प्रदान किया जाएगा।
- आपकेECG परिणाम में एट्रियल फ़िब्रिलेशन की मौजूदगी से केवल संभावित परिणाम ही दिखाए जा सकते हैं। यदि आपको कोई लक्षण या परेशानी दिखाई देती है, तो अपने चिकित्सक से संपर्ककरें। यदि आपको लगता है कि मेडिकल इमरजेंसी है, तो इमरजेंसी सेवाओं से संपर्ककरें।
- अनिर्णायक ECG परिणाम का अर्थ हो सकता है कि अच्छा सिग्नल हासिल करने में कई आर्टिफ़ैक्ट या नॉइज़ है या आपकेपास एट्रियल फ़िब्रिलेशन केअलावा ऐरिद्मिया हो सकता है जिसे ऐप वर्गीकृत नहीं कर सकता है। कुछ प्रतिशत लोगों की कुछ शारीरिक स्थितियों केकारण अच्छी रिकॉर्डिंग केलिए यूज़र द्वारा पर्याप्त सिग्नल उत्पन्न नहीं हो पाते हैं। आप ऑन-बोर्डिंग केदौरान अनिर्णायक ECG परिणाम केबारे में अधिक जानने केलिए अपने iPhone पर सेहत ऐप केECG क्षेत्र में शिक्षाप्रद जानकारी को ऐक्सेस कर सकते हैं या ECG ऐप पर "i" आइकॉन पर टैप करकेअधिक जानकारी देख सकते हैं।
- यदि आपको ख़राब रिकॉर्डिंग केकारण अनिर्णायक परिणाम मिला है, तो आप अपना ECG फिर से रिकॉर्ड कर सकते हैं। कुछ प्रतिशत लोगों की कुछ शारीरिक स्थितियों केकारण अच्छी रिकॉर्डिंग केलिए यूज़र द्वारा पर्याप्त सिग्नल उत्पन्न नहीं हो पाते हैं। आप ऑन-बोर्डिंग केदौरान या अपने iPhone पर सेहत ऐप केECG क्षेत्र में "ECG कैसे लें" पर टैप करकेECG लिए जाने केतरीक़ेकी समीक्षा कर सकते हैं।
- हृदय गति कम रहने का कारण खास दवाइयाँ हो सकती हैं या हो सकता है कि इलेक्ट्रिकल सिग्नल हृदय से ठीक से संवाहित नहीं हो पा रहे हों। यदि आप एलीट एथलीट हैं, तो भी आपकी हृदय गति निम्न हो सकती है।
- एक्सरसाइज़, तनाव, घबराहट, अल्कोहल डीहाइड्रेशन, संक्रमण, एट्रियल फ़िब्रिलेशन या अन्य ऐरिद्मिया केकारण हृदय गति अधिक हो सकती है।
- सभी ECG आपकेiPhone पर सेहत ऐप में सिंक किए जाते हैं। आप स्वास्थ्य विशेषज्ञ केसाथ अपना ECG शेयर करने केलिए सेहत ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

**ECG ऐप को Apple Watch पर डिलीट और रीस्टोर करना**

- ECG ऐप को Apple Watch पर डिलीट करना
    - अपनी Apple Watch पर होम स्क्रीन पर जाएँ
    - यदि आप ग्रिड दृश्य में हैं, तो ऐप को हल्केसे तब तक टच और होल्ड करें जब तक यह हिलने न लगे
    - ऐप पर टैप करें, उसकेबाद “x” आइकॉन टैप करें
    - यदि आप सूची दृश्य में हैं, तो ऐप पर बाएँ स्वाइप करें और रद्दी आइकॉन टैप करें
    - “डिलीट करें” टैप करें
    - समाप्त करने केलिए Digital Crown दबाएँ
- Apple Watch पर ECG ऐप रीस्टोर करना
    - अपनी Apple Watch पर App Store पर जाएँ
    - ECG ऐप खोजें
    - ऐप को रिस्टोर करने केलिए पर टैप करें

---

# सुरक्षा और कार्यक्षमता

ECG रिकॉर्डिंग को AFib और साइनस रिदम में सटीकता से वर्गीकृत करने की ECG ऐप की क्षमता की जाँच लगभग 546 व्यक्तियों की क्लिनिकल जाँच में व्यापकता से की गई थी। हृदय रोग विशेषज्ञ के12-lead ECG केरिदम वर्गीकरण की तुलना एक ही समय पर ECG 2.0 ऐप से प्राप्त ECG केरिदम वर्गीकरण से की गई थी। ECG ऐप ने वर्गीकृत करने योग्य रिकॉर्डिंग में AFib (HR 50-150 bpm) वर्गीकृत करने में 98.5% संवेदनशीलता और साइनस रिद्म (HR 50-150 bpm) वर्गीकृत करने में 99.3% विशिष्टता दर्शाई।

इस चिकित्सीय ट्रायल में वेवफ़ॉर्म केआकृति विज्ञान की जाँच भी PQRST वेव और R वेव केआयाम का विज़ुअल मूल्यांकन किसी संदर्भ से तुलना करकेकी गई थी। ECG 2.0 ने संदर्भ वेबफ़ॉर्म की तुलना में 100% पास रेटिंग केसाथ दृश्य रूप से स्वीकार्य PQRST वेबफ़ॉर्म प्रस्तुत की। इसकेअलावा, R-वेब ऐंप्लीट्यूड आकलन केलिए संदर्भ की तुलना में कुल पास रेटिंग 97.2% थी।

---

# समस्या निवारण

यदि आपको अपने ECG ऐप को चलाने में मुश्किल हो रही है, तो नीचे दी गई समस्या निवारण गाइड देखें।

**समस्या :** मुझे रीडिंग लेने केलिए ECG ऐप नहीं मिल सका।

**समाधान :**

- सुनिश्चित करें कि आपने अपने iPhone पर सेहत ऐप में सभी ऑन-बोर्डिंग स्टेप पूरे किए हैं।
- सुनिश्चित करें कि आपकी कलाई और आपकी Apple Watch साफ़ और सूखी है। पानी और पसीने केकारण रिकॉर्डिंग ख़राब हो सकती है।

- सुनिश्चित करें कि आपकी Apple Watch, बाहें और हाथ रिकॉर्डिंग केदौरान स्थिर हों।

**समस्या :** मुझे अपनी रिकॉर्डिंग में कई आर्टिफ़ैक्ट, नॉइज़ या व्यवधान मिले।

**समाधान :**

- रिकॉर्डिंग लेने केदौरान अपनी बाँहें टेबल पर या अपनी गोद में टिका लें। आराम से रहें और अधिक हिलें-डुलें नहीं।
- सुनिश्चित करें कि आपकी Apple Watch बहुत ढीली नहीं हो। बैंड बंधा होना चाहिए और आपकी Apple Watch केपीछे का भाग आपकी कलाई को टच कर रहा हो।
- इलेक्ट्रिकल इंटरफ़ेरेंस से बचने केलिए आउटलेट में लगे हुए किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से दूर जाएँ।

**समस्या :** ECG वेवफ़ॉर्म ऊपर से नीचे की ओर दिखाई देते हैं।

**समाधान :**

- हो सकता है कि घड़ी की ओरिएंटेशन ग़लत कलाई पर सेट हो। अपने iPhone पर घड़ी ऐप पर जाएँ। मेरी घड़ी > सामान्य > वॉच ओरिएंटेशन पर टैप करें।

ECG ऐप सत्र केदौरान रिकॉर्ड किया जाने वाला सभी डेटा आपकेiPhone पर सेहत ऐप में सहेजा जाता है। यदि आप चुनें, तो आप उस जानकारी को PDF बनाकर शेयर कर सकते हैं।

आपकेApple Watch का स्टोरेज पूरा भरा होने पर नया ECG डेटा रिकॉर्ड नहीं किया जा सकता है। यदि आप स्टोरेज समस्या केकारण रिकार्डिंग नहीं ले पा रहे हैं, तो आपको अवांछित ऐप्स, संगीत या पॉडकास्ट डिलीट करकेजगह ख़ाली करनी चाहिए। आप अपने iPhone पर Apple Watch ऐप पर नेविगेट करके "मेरी घड़ी" पर क्लिक करके "सामान्य" और उसकेबाद "स्टोरेज" पर क्लिक करकेअपने स्टोरेज का उपयोग जाँच सकते हैं।

---

# सावधानियाँ :

**ECG ऐप द्वारा हार्ट अटैक केसंकेतों को नहीं जाँचा जा सकता है। यदि आपको लगता है कि आपकेलिए कोई मेडिकल इमरजेंसी है, तो आपातकालीन सेवाओं को कॉल करें।**

Apple Watch केमज़बूत चुंबकीय फ़ील्ड केनज़दीक होने पर (जैसे, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एंटी-थेफ़्ट सिस्टम, मेटल डिटेक्टर) रिकॉर्डिंग न लें।

चिकित्सकीय प्रक्रिया (जैसे, मैग्नेटिक रिसोनेंस इमेजिंग, डायाथर्मी, लिथोरट्रिप्सी, कॉट्री और बाहरी डिफ़िब्रिलेशन प्रक्रिया) केदौरान रिकॉर्डिंग न लें।

Apple Watch केऑपरेशनल तापमान रेंज (0 °C - 35 °C) और सापेक्ष आर्द्रता की 20% से 95% आर्द्रता रेंज से बाहर होने पर रिकॉर्डिंग न लें, जिसकेबारे में Apple Watch यूज़र मैनुअल में बताया गया है।

हृदय-संबंधी स्थितियों की जाँच केलिए उपयोग न करें।

कार्डिएक पेसमेकर, ICD या अन्य इम्प्लांट किए गए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस केसाथ उपयोग न करें।

शारीरिक गतिविधि केदौरान रिकॉर्डिंग न लें।

अपने डॉक्टर से बात किए बिना अपनी दवाई न बदलें।

22 वर्ष से कम उम्र केव्यक्ति द्वारा उपयोग किया जाने केलिए नहीं है।

विश्राम की स्थिति में अपने हृदय की गति 50 केनीचे या 150 से ऊपर होने पर और यह परिणाम अनपेक्षित होने पर आपको अपने डॉक्टर से बात करनी चाहिए।

इस ऐप द्वारा की गई व्याख्याएँ संभावित परिणाम है, नाकि आपकी कार्डिएक स्थितियों की संपूर्ण जाँच। ऐप केआउटपुट केआधार पर यूज़र को किसी योग्य स्वास्थ संबंधी पेशेवर व्यक्ति की सलाह केबिना समझने की कोशिश नहीं करनी चाहिए या कोई चिकित्सीय कदम नहीं उठाना चाहिए।

ECG ऐप से उत्पन्न वेवफ़ॉर्म का अर्थ गति केवर्गीकरण की अनुपूर्ति से है जिसका उद्देश्य AFib और सामान्य साइनस रिद्म और टेकार्डिया (उच्च हृदय गति) केबीच अंतर स्पष्ट करना है और यह निदान और उपचार की पारंपरिक विधियों का स्थान लेने केलिए लक्षित नहीं है।

यूज़र और/या मरीज़ केलिए यह एक सूचना है कि डिवाइस केसंबंध में घटित हुई किसी भी बड़ी घटना की ख़बर उस उत्पादक और सदस्य राज्य केसंबंधित अथॉरिटी को देनी चाहिए जिसमें यूज़र और/या मरीज़ स्थित हैं।

**सावधानियाँ :** Apple इस बात की गारंटी नहीं देता है कि जब ECG ऐप ECG को साइनस रिदम या टेकार्डिया (उच्च हृदय गति) केतौर पर लेबल करता है, तो आप अरिद्मिया या स्वास्थ्य संबंधी किसी अन्य समस्या से नहीं गुज़र रहे। यदि आप अपने स्वास्थ्य में संभावित बदलाव पाते हैं, तो आपको अपने चिकित्सक को सूचित करना चाहिए।

**सुरक्षा:** Apple सुझाव देता है कि आप अपने iPhone में पासकोड (व्यक्तिगत पहचान संख्या [PIN]), Face ID या Touch ID (फ़िंगरप्रिंट) और Apple Watch में पासकोड (व्यक्तिगत पहचान संख्या [PIN]) जोड़ें जिससे सुरक्षा की एक और लेयर जुड़े। iPhone को सुरक्षित करना जरूरी है क्योंकि आप इसमें निजी स्वास्थ्य की जानकारी संग्रहित करेंगे। यूज़र को डिवाइस पर अतिरिक्त iOS और watchOS अपडेट सूचनाएँ भी प्राप्त होंगी और अपडेट वायरलेस तरीक़ेसे वितरित किए जाते हैं, जिससे नवीनतम सुरक्षा सुधार को तेज़ी से अपनाने को बढ़ावा मिलता है। “iOS और watchOS सुरक्षा गाइड” देखें जिसमें Apple की सुरक्षा पद्धतियों का वर्णन होता है और जो हमारे सभी यूज़र केलिए उपलब्ध है। iOS और watchOS सुरक्षा गाइड केलिए कृपया https://support.apple.com/guide/security/welcome/web पर जाएँ।

---

## डिवाइस चिह्न

099-23781 संशोधन Q, अक्तूबर 2022

| | |
|---|---|
| (निर्माता चिह्न) | निर्माता |
| (निर्देश चिह्न) | उपयोग करने केलिए निर्देशों का ध्यान रखें |
| EC REP | यूरोपीय अधिकृत प्रतिनिधि |
| MD | मेडिकल डिवाइस |